एक नजर में

कर्मचारी उड़ा रहे महापौर के आदेश की धज्जियां

देवास। नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने नगर निगम में टेक्स जमा करने आने वाली महिलाओं को पुरूषों के साथ लम्बी कतार में लगकर टेक्स जमा करने में आने वाली परेशानियों को देखते हुए महिला महापौर होने के कारण महिलाओं की तकलीफ को समझते हुए संपत्तिकर जमा करने के लिए पुरूषों की खिड़की के अलावा एक खिड़की महिलाओं के लिए भी खोली। जिस पर बाहर सूचना लगाई गई जिस पर लिखा है महिला काउंटर लेकिन खिड़की के अंदर बैठे कर्मचारी कतार में लगी महिलाओं की ओर ध्यान नहीं देकर महिला काउंटर की कतार में लगे पुरूषों के बिलों को भरने में लगे हुए थे। कतार में लगी महिलाओं ने पुरूषों को कहा कि आपके लिए बगल में अन्य तीन काउंटर है महिलाओं के लिए केवल एक काउंटर है जिस पर कतार में लगे पुरूषों ने महिलाओं के साथ अभद्रता की, लेकिन काउंटर के अंदर बैठे कर्मचारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जब महिलाओं ने काउंटर के अंदर बैठे कर्मचारियों से कहा कि आप महिला काउंटर से पुरूषों को हटाए लेकिन कर्मचारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। महिलाओं का कहना था कि हम नगर निगम के समस्त टेक्स समय सीमा में जमा करने के लिए आती हैं। और हमारी महापौर बहन ने भी जब हमारे लिये सुविधा उपलब्ध कराई है तो कर्मचारी उसका पालन क्यों नहीं कर रहे है, इसकी शिकायत हम महापौर से करेंगे।

शशिकांत यादव को मिलेगा राष्ट्र प्रेरणा सम्मान 2025

देवास। मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल द्वारा वर्ष 2025 के विभिन्न श्रेणियों में प्रदत्त किए जाने वाले गौरवशाली साहित्यकार सम्मानों की घोषणा की गई । प्रदेश के गौरव, सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी राष्ट्रीय कवि व मंच संचालक शशिकांत यादव शशि को उनकी राष्ट्र प्रेम की कविताओं व साहित्य सेवा के लिए उन्हें प्रमोद शिरोडकर विरहन स्मृति राष्ट्र प्रेरणा सम्मान-2025 देने की घोषणा मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा की गई। उक्त सम्मान उन्हें मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल द्वारा भोपाल में आयोजित भव्य प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में दिया जायेगा। देवास ही नहीं वरन पूरे देश के लाड़ले कवि शशिकांत यादव की इस उपलब्धि पर उन्हें अनेकों संस्थाओं सहित कलागुरु राजकुमार चंदन, कवि चित्रांश खरे, जयप्रकाश जय, मोइन खान, अजीम देवासी, मनोरमा जैन, समाजसेवी संजय शुक्ला, अशोक गोस्वामी मामू, जमनालाल वर्मा, अशोक कहार, सुरेन्द्र सिंह राजपूत हमसफर, सुनील गाईड सहित अनेको मित्रों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही राजेन्द्र गट्टानी अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल व समिति का आभार माना।

शोक संतृप्त परिवारों में सांत्वना देने पहुंचे विधायक

बागली। सुख में सभी साथ रहते हैं लेकिन दुख की घड़ी में उपस्थित रहना सनातन धर्म की परंपरा है। इसी परंपरा का पालन करते हुए बागली विधायक मुरली भंवरा सोमवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम बीरजाखल एवं बोर पाडवा में दो परिवारों में विगत दिनों हुई मानवीय क्षती स्वरूप सांत्वना देने परिजनों के बीच में पहुंचे। सीता वन मंडल अंतर्गत ग्राम बिरजा खाल मैं समाज की वरिष्ठ गोमती बाई रावत के निधन पर बागली विधायक मुरली भंवरा उनके परिजनों के बीच पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी इसी दौरान ग्राम बोर पाडवा में चरण समाज की 105 वर्षीय महिला अमरीबाई के निधन पर उनके घर पहुंचे और परिजनों के बीच बैठकर सांत्वना दी इस दौरान उनके साथ सीता वन मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा दयाराम चावड़ा जगदीश ,संतोष ,विकास सेधंव, जगदीश विश्वकर्मा दुर्गा प्रसाद कुशवाहा मुकेश दांगीं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आईटीआई कॉलेज में सघन जागरूकता अभियान का आयोजन

कन्नौद। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास डॉ सरोजिनी जेम्स एवं मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लोकेश मीणा के मार्गदर्शन में सघन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आई टी आई कॉलेज कन्नौद में किया गया।सघन जागरूकता कार्यक्रम के तहत कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी प्रदान की गई।इस कार्यक्रम में एचआईवी एवं एड्स में अंतर ,एचआईवी फैलने के कारण ,उपचार बचाव एवं रोकथाम के साथ दवाइयां के महत्व पर प्रकाश डाला गया।इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य उईके जी एवं अन्य शिक्षक गण का विशेष सहयोग रहा ।कार्यक्रम 55 से 60 छात्र/ छात्राएं उपस्थित थे। आईसीटीसी परामर्शदाता ज्ञानसिंह मालवीय के द्वारा एचआईवी के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई एचआईवी एड्स टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी प्रदान की गई ।टीबी विभाग से दिनेश शर्मा ने टीबी की समस्त जानकारी दी गई टीबी बीमारी के विरुद्ध लड़ने की सभी छात्र - छात्राओं को सपथ दिलाई गई।

कांटाफोड़ माध्यमिक विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

कांटाफोड़। कांटाफोड़ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य जगन्नाथ परते द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनशिक्षक गोपाल मालवीय उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को संवारने का सबसे बड़ा साधन है। मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने शिक्षक का सम्मान करें। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों और पोस्टरों से सजाया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। कई बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि शिक्षकों ने उन्हें कठिन समय में मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य जगन्नाथ परते ने कहा, शिक्षक ही वह दीपक हैं जो अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। बच्चों का मन लगाकर पढ़ाई करना ही शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा सम्मान है।इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं कविता पाठ ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने हाथ से बने कार्ड, बधाई पत्र और उपहार शिक्षकों को भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनशिक्षक गोपाल मालवीय ने बच्चों को प्रेरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राये और शिक्षिका प्रभावती शर्मा राजेश्वरी श्रोत्रिय सुनीता शांडिल्य हेमलता रातड़िया अतिथि शिक्षक शालीन हरनिया मनीष मालवीया उपस्थित रहे।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नगर निगम को 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों में मिला देश में प्रथम स्थान

केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण ने दिया पुरस्कार

देवास। 9 सितम्बर 2025 देवास नगर निगम ने एक बार फिर स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। हाल ही में घोषित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 के नतीजों में देवास को 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। भूपेन्द्र यादव केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण, वन ओर जलवायु परिवर्तन से स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का पुरस्कार सभापति रवि जैन के द्वारा आयुक्त रजनीश कसेरा, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल के साथ सौरभ त्रिपाठी नोडल अधिकारी एनसीएपी एवं राजेश कौशल उपयंत्री के साथ दिल्ली मे प्राप्त किया। आयुक्त श्री कसेरा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में कुल 130 शहरों ने भाग लिया था, जिसमें वायु गुणवत्ता, जन-जागरूकता, नवाचार और प्रशासनिक प्रयासों जैसे विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया गया। देवास ने इन सभी मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह गौरव हासिल किया। देवास नगर निगम द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों में, वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हरित क्षेत्र बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना,औद्योगिक इकाइयों की निगरानी, जनता को जागरूक करने के लिए नियमित अभियान, स्मार्ट प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम

की स्थापना शामिल हैं। सभापति व आयुक्त ने संयुक्त रूप से कहा कि यह उपलब्धि केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि देवास की जनता की है, जिन्होंने स्वच्छ वायु के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाया। हम इसी तरह पर्यावरण के संरक्षण में अग्रणी बने रहने का प्रयास जारी रखेंगे यह सम्मान देवास को न केवल स्वच्छता के क्षेत्र में बल्कि एक हरित और सतत विकासशील शहर के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि शहर के वातावरण एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करना आवश्यक है, जिस हेतु हमे 2 स्वैपिंग मशीन क्रय की जिससे प्रतिदिन मुख्य मार्गो की सफाई की जा रही है। महापौर ने कहा कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 पुरस्कार प्राप्त करने जाना तय था परन्तु अचानक पारीवारीक सदस्य की अस्वस्थता के कारण जाना निरस्त करना पडा। सभापति रवि जैन ने अपने संदेश मे कहा बढ़ती आबादी और ईंधन युक्त वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुआं से शहर की वायु गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है, इसे कम करने के प्रयास के लिए हमें 32 सीएनजी आधारित कचरा वाहन चाहिए, और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के प्रयास किए। आयुक्त रजनीश कसेरा ने अपने संदेश मे कहा पेड़ पौधे हमारे वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में एक अहम भूमिका निभाते है, और इनसे वायु प्रदूषण को भी रोका जाता है इसी उद्देश्य से शहर में पौधा रोपण अभियान एवं औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन पार्क डेवलप किए। जिससे शहर की वायु गुणवत्ता तो सुधरेगी ही साथ ही शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी, नेशनल क्लिन एयर प्रोग्राम एवं अमृत 2.0 के अंतर्गत शहर में लगातार पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। एनसीएपी नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले धुएं से होने वाले प्रदूषण को रोकना हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती थी, सभी उद्योगिक संचालकों के साथ बैठक कर उद्योगों को ग्रीन फ्यूल में परिवर्तित करने एवं शेष बची उद्योगों को ग्रीन फ्यूल में परिवर्तन के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे है । इन सभी प्रदूषण को कम करने से हमें नंबर 1 का ताज मिला।

पीला मोजेक वायरस की चपेट में आने से सोयाबीन की फसल बर्बाद

किसानों ने नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन

सर्व की उठी मांग

क्राफ्ट कटिंग से करवाएं सर्व

भौरासा। अन्नदाता परेशान है कभी अतिवृष्टि के कारण तो कभी सूखे के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती है किन्तु किसानों को किसी भी तरह का लाभ नही मिल पाता है ओर कर्ज के तले किसान दबा चला जाता है क्षेत्र के किसानों पर इस बार फिर से खरीफ सीजन में दोहरी मार पड़ी है। लगातार हो रही बारिश और पीला मोजेक वायरस की चपेट में आने से सोयाबीन की मुख्य फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों की मेहनत और उम्मीदें पानी में बह गई हैं।

किसानों ने इस वर्ष अच्छी पैदावार की आस में बड़े उत्साह से सोयाबीन की बुवाई की थी। शुरूआत में फसल हरी-भरी नजर आई, लेकिन बीच में बारिश की अधिकता और खेतों में जलभराव से पौधों की जड़ें सड़ने लगीं। वहीं, दूसरी ओर पीला मोजेक वायरस ने फसल को समय से पहले पीला कर सुखा दिया। खेतों में फसलें सूखकर खड़ी हैं, जिससे उत्पादन पर भारी असर पड़ना तय है किसानों का कहना है, कि जिन वैरायटी में बीमारी का असर कम था, उनमें भी लगातार कोहरा (धुधं) पड़ने से और धूप न निकलने से उत्पादन क्षमता बुरी तरह से प्रभावित हो रही है किसानों ने बताया, कि इस वर्ष का सीजन पूरी तरह से नुकसान में चला गया है। महंगी खाद, बीज और दवाई पर खर्च करने के बाद भी फसल बर्बाद हो गई। फसल बीमा की मांग को लेकर भौरासा कुलाला, शादी खेड़ा, धारु खेड़ी, बुदासा ,सुमरा खेड़ी भलाई, मिर्जापुर ,खुर्द पिपलिया जंगीपुर ,बोलासा, नेवरी फाटा, डकाचिया, पोलाय जागीर ,काकड़दा, सिक्खेडी,के सभी किसानो ने सोयाबीन की वर्तमान 2025 की फसल पीला मोजक संक्रमण से बिल्कुल नष्ट हो गई जिसमें हम किसानों को फसल की लागत भी नहीं निकलेगी किसानों ने फसल बीमा की तुरंत सर्वे करवा कर फसल की क्राफ्ट कटिंग हल्का पटवारी एवं ग्राम सेवक से करवाकर राहत राशि दिलवाने की मांग की व किसानो ने सेटेलाइट से सर्वे न करवा कर जमीनी स्तर पर पटवारी एवं ग्रामसेवक से क्राफ्ट कटिंग करवा कर राहत राशि दिलवाने की मांग की जिसको लेकर आज भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय पर नायब तहसीलदार नेहा शाह को किसानों द्वारा एक ज्ञापन सोपा गया इस अवसर पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ,करण सिंह यादव (मेबर) ,कैलाश पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर ,पटेल यसवंत सिंह राजपूत, किसान नेता मुकेश कुमावत,कमल यादव, राजेंद्र पालीवाल, महेश ठाकुर इंदर सिंह,रमेश चंद्र, प्रेम सिंह ,केदार चौधरी ,निर्मल चौधरी विष्णु चौधरी, कांतिलाल यादव, मनोहर यादव जीजा ,अजब सिंह शादी खेड़ा, निर्मल पटेल, छतर सिंह कुशवाहा ,मिथुन कुशवाह ,दिनेश यादव, बाबू यादव, घनश्याम कुशवाह, कमल सिंह पटेल, रायसिंह मालवीय, हिंदू सिंह ,सीताराम ,अर्जुन सिंह, ज्ञान सिंह,गोपाल सिंह ,अनूप सिंह, सौबाल सिंह, साजिद चिश्ती, सहित आदि किसान जन मौजूद रहे।

फसल बीमा क्लेम समय पर मिले

अब उनके सामने अगली फसल बोने और घर चलाने की चिंता खड़ी हो गई है सर्वे और मुआवजे की मांग-किसानों ने सरकार व अधिकारियों से तत्काल खेतों का सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन करने की मांग की है। उनका कहना है कि बीमा कंपनी और राजस्व विभाग के पटवारियों को निर्देश देकर जल्दी से जल्दी सर्वे कराया जाए, ताकि किसानों को फसल बीमा क्लेम समय पर मिल सके किसानों का कहना है कि 3 वर्ष से लगातार सोयाबीन फसल खराब हो रही है जबकि किसानों को केसीसी व खाद, बीज सहकारी संस्था के माध्यम से लगातार 6 माह की अवधि में मोटी रकम बीमा की काटी जाती है। इस फसल में अगर समय पर राहत नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी।

किसान संघ ने तहसील मुख्यालय पर दिया मांग पत्र

बागली। मंगलवार को भारतीय किसान संघ द्वारा बागली एवं उदय नगर तहसील मुख्यालय पर पांच सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस मांग पत्र में सबसे पहली मांग वर्तमान समय बारिश का है। आने वाले समय में रबी फसल का मौसम आएगा जो सिंचाई आधारित रहता है। इसके लिए जहां भी विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं या अव्यवस्थित है। उन्हें समय से पहले सुधार दियाजाए। बारिश एवं हवा आंधी के चलते कई स्थानों पर तार टूट गए हैं एवं खंबे कमजोर हो गए हैं। विद्युत व्यवस्था सुधारीकरण के साथ-साथ विद्युत सप्लाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाए। उदय नगर तहसील से जुड़ी सभी सहकारी संस्थाओं में रबी फसल में उपयोग आने वाले खाद एवं बीज की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित की जाए। सोयाबीन और मक्का का नुकसानी सर्वे जल्द कराया जाए ताकि समय रहते किसानों को बीमा राशि या मुआवजा मिल सके। नामांतरण बटंवारा के जितने भी मामले लंबित पड़े हैं। उन पर शीघ्र निर्णय लिया जाए ताकि आने वाली समय में खेती करने में किसानों को कोई परेशानी ना आए विशेष कर रास्तों को लेकर बारिश में जैसे तैसे रास्तों का उपयोग हो जाता है। लेकिन रबी फसल में रास्तों का निर्धारण बेहद जरूरी है जिसके चलते विवाद की स्थिति बनती रहती है। इस दौरान किसान संघ जिला अध्यक्ष हुकम पटेल जिला प्रचार प्रमुख राकेश जाट भगवान सिंह पटेल कैलाश शर्मा गणेश रावत बबलू परसाई भारतीय किसान संघ उदय नगर तहसील के अध्यक्ष शिव शंकर गेहलोद उपस्थित रहे। तहसीलदार ने ज्ञापन लेकर आवेदन देने आए किसानों को संतुष्ट करते हुए कहा कि वह किसने की मांग उच्च अधिकारियों तक पहुंचने में पूरा सहयोग करेंगे। इस मामले में बागली विधायक मुरली भंवरा से भी चर्चा की गई उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खाद की और विद्युत की व्यवस्था पहले से ही समुचित रूप से निर्धारित की जाएगी। उपसंभागीय विद्युत अधिकारी निमेष कुमार ने बताया कि उनके पास खराब ट्रांसफार्मर की सुचींया आ गई है। मौसम खुलते ही उनकी उचित व्यवस्था करवा दी जाएगी रही बात तार और खभों की वह भी क्षेत्रीय लाइन मेंन की देखरेख में सुधारे जाएंगे मौसम खुलने के बाद यह काम युद्ध स्तर पर होगा और किसानों को इस वर्ष विद्युत सप्लाई संबंधी कोई भी परेशानी नहीं आएगी।

फसल बीमा मुआवजे को लेकर सोनकच्छ एसडीएम से जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा

देवास/सोनकच्छ। फसल बीमा मुआवजे को लेकर जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को सोनकच्छ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से भेंट कर महत्वपूर्ण चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में किसानों की फसलें खराब होने की जानकारी देते हुए आग्रह किया कि कृषि विभाग, पटवारी एवं पंचायत सचिव की संयुक्त टीम गठित कर प्रभावित ग्रामों का शीघ्र जमीनी सर्वे एवं निरीक्षण कराया जाए, ताकि किसानों को समय पर फसल बीमा मुआवजा प्राप्त हो सके। बैठक में अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा गया कि फसलों की हानि का सही आकलन करना आवश्यक है, जिससे किसानों को उचित लाभ मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह, ठाकुर जसपाल सिंह, गोपाल सिंह पटेल, धन्नालाल बामणिया तथा राजवीर कुशवाह मौजूद रहे।

फर्जी रजिस्ट्री कराकर प्लॉट हथियाने का प्रयास

निर्माण रूकवाने के लिए पुलिस से लगाई गुहार

देवास। शहर के सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी , सर्वोदय नगर वमान नाम साम्यक विहार में कुछ लोगों ने जालसाजी कर प्लॉट पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली थाने में आवेदन देकर प्लॉट मालिक ने अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य को रूकवाने की गुहार लगाई है। यह आवेदन इंदौर निवासी शुभम पिता हरीश अग्रवाल ने प्रस्तुत किया है, जिसमें कोतवाली थाना पुलिस को बताया है कि उन्होंने 19 दिसम्बर 2001 को 12 बाय 18 मीटर (कुल 216 वर्गमीटर) का भूखंड श्रीमती देवयानी पति कालिदास नायक निवासी स्टैंडर्ड मिल देवास से क्रय किया था। यह सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित देवास में दर्ज है, जिसका विधिवत कब्जा प्राप्त किया था। उस समय सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी के अध्यक्ष भीखूभाई सोलंकी थे, जिन्होंने श्रीमती देवयानी के पक्ष में विक्रय लेख क्रमांक 3 ग्रंथ क्रमांक 1442 दिनांक 21 मार्च 1983 के माध्यम से निष्पादित करते हुए भूखंड का कब्जा दिया था। इस भूखंड को श्रीमती देवयानी ने 2001 में इंदौर निवासी शुभम अग्रवाल को विक्रय किया।

आवेदन में बताया है कि शुभम अग्रवाल के इस भूखंड की फर्जी तरीके से पुनरू रजिस्ट्री कर दी गई, जिसमें फर्जी अध्यक्ष ने बिना दस्तावेज और पहचान के भूखंड को दीपक परिहार को बेच दिया। यहां तक कि दीपक आदि ने इस पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया। जब प्लाट मालिक को किसी से सूचना मिली कि आपके प्लॉट पर कुछ लोग मकान बनाने के लिए निर्माण सामग्री ले आए हैं, तब उन्होंने यहां आकर देखा। उन्हें पता चला कि इस भूखंड को रवीन्द्र बनारसी प्रसाद शर्मा, दीपक जगदीश परिहार, तेजा राधेश्याम मालवीय तथा रवीन्द्र प्रेमनारायण शर्मा ने मिलीभगत से अवैध तरीके से हथियाने का प्रयास किया है। प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि इस प्रकरण में फर्जी रवीन्द्र बनारसी प्रसाद शर्मा ने अपने आपको सर्वोदय गृह निर्माण सहकारी संस्था का अध्यक्ष बताते हुए यह प्लॉट दीपक परिहार को विक्रय कर दिया है।

दस्तावेज खंगालने पर मालूम हुआ कि इस भूखंड की फर्जी रजिस्ट्री लेख क्रमांक एमपी 108942018 ए 1810110 दिनांक 18.12.2018 को कर दी गई। श्री अग्रवाल ने इन समस्त दस्तावेजों को प्राप्त कर इनकी नकल पुलिस थाने में उपलब्ध कराई है। साथ ही यह भी बताया कि तथाकथित संस्था अध्यक्ष शर्मा ने पंजीयन लेख में अपना पता, पहचान पत्र, आधार कार्ड नंबर नहीं लिखे हैं। इस पूरे प्रकरण में जो गवाह हैं, वे भी संगतमत होकर फर्जी विक्रय पत्र बनवाने और भूखंड पर अवैध कब्जा करने में संलग्न हैं। आवेदक श्री अग्रवाल ने पुलिस से निवेदन किया है कि मेरे सर्वोदय नगर स्थित भूखंड क्रमांक 3 को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराकर काम रूकवाया जाए।

फर्जी तरीके से अध्यक्ष बनकर प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने वाले, खरीदने वाले तथा गवाह बनने वालों के खिलाफ फौजदारी मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

एक नजर मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

कलश यात्रा के साथ दस लक्षण धर्म संपन्न

देवास। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट देवास में पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व कलश यात्रा के साथ पंडित भागचंद के सानिध्य में संपन्न हुए। दसलक्षण धर्म के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर प्रात: बेला में श्री जी की शांतिधारा हेमंत जैन सेठी, प्रीति शैलेन्द्र जैन,, बसंती देवी संगीता विमल जैन, स्वर्णलता के सी जैन परिवार के द्वारा की गई। भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कमला बाई प्रीति शैलेन्द्र जैन एवं स्वर्णलता के सी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। दोपहर में श्रीजी की धर्म प्रभावना रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें रथ के सारथी रविशंकर शीला अंकुर जैन, ईशान इंद्र पवन रेखा जैन इटावा , कुबेर इंद्र मुकेश नीलम जैन सिंघई रहे। विश्व शांति की मंगल भावना के लिए प्रथम अभिषेक का शोभाग्य भव्य संस्कार संजय विजय कटारिया को प्राप्त हुवा।शांति धारा निलेश हुकुमचंद जैन छाबड़ा एवं मुकेश सिंघई परिवार के द्वारा की गई । पूरे कार्यक्रम में राजेन्द्र जैन के द्वारा भजनों पर भक्ति कारवाई गई। कलश यात्रा में ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर जैन, महेन्द्र जैन,अरविंद पानोत ,रमेश जैन,संजय उदय, एस पी सेठी,अशोक जैन,संजय भाई, पवन जैन, आर सी जैन,विशाल पाटनी, पारस जैन ,डॉ प्रमोद जैन एवं सभी समाज जनों ने सपरिवार उपस्थित होकर शोभा यात्रा को सफल बनाया । दस दिवस तक धार्मिक बौद्धिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सतपथ, पुष्प,वर्धमान, उद्भव, जैन मिलन ग्रुप एवं पार्श्व ओर ब्राह्मी महिला मंडल के द्वारा दी गई। आभार ट्रस्ट सचिव शैलेन्द्र जैन दोशी ने माना। सकल दिगंबर जैन समाज की सामूहिक क्षमावाणी एवं त्यागी व्रती सम्मान एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन 14 सितम्बर को सायं 5 बजे से संत निवास नयापुरा पर किया जाएगा।

प्रारूप-10
धारा 147(1)(ब) मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959
न्यायालय तहसीलदार,तहसील खातेगांव, जिला देवास (म.प्र.)
(राजस्व प्रकरण क्रमांक 0001/अ-76/2025-26)
नीलामी हेतु उद्घोषणा
यह उद्घोषणा सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु जारी की जाती है कि -

1. देयक का विवरण - श्री सोमेश अग्रवाल पिता नंदलाल अग्रवाल निवासी- पुरानी सब्जी मण्डी हरदा जिला हरदा एवं श्री प्रदीप गोयल पिता संतोष गोयल निवासी-पुरानी सब्जी मण्डी हरदा, जिला हरदा तथा श्री राजेश अग्रवाल पिता नंदलाल अग्रवाल, निवासी- पुरानी सब्जी मण्डी हरदा जिला हरदा के विरुद्ध राजस्व की बकाया राशि रूपये 15.78 करोड़ (पन्द्रह करोड़ अठहत्तर लाख रू.) वसूल किया जाना है।
2. संपत्ति का विवरण -बकाया राशि की वसूली हेतु निम्नलिखित अचल संपत्ति/भूमि को नीलाम किया जायेगा -

क्रमांक	बकायादार	खसरा	रकबा	ग्राम
01	सोमेश अग्रवाल पिता नंदलाल अग्रवाल निवासी- पुरानी सब्जी मण्डी हरदा जिला हरदा	500/1/3	0.01 हे.,	हरणगांव
		500/1/4	0.01 हे.	हरणगांव
		377/2	1.43 हे.	पलासी
02	प्रदीप गोयल पिता संतोष गोयल निवासी- पुरानी सब्जी मण्डी हरदा, जिला हरदा	141/3/39	0.004 हे. भूमि एवं उस पर निर्मित मकान	खातेगांव

3. नीलामी की दिनांक व स्थान-यह संपत्ति दिनांक 17/09/2025 को प्रात: 11 बजे तहसील कार्यालय खातेगांव में सार्वजनिक नीलामी में बेची जायेगी।
4. नीलामी की शर्तें- बोली नकद में होगी। उच्चतम बोलीदाता को बिक्री स्वीकृत होगी। नीलामी अधिकारी को शर्तों का उल्लंघन होने पर नीलामी निरस्त करने का अधिकार होगा। बोलीदाता को तत्काल बोली की राशि जमा करनी होगी/ निर्धारित समय में। नीलामी में शामिल होने से पूर्व 50,000/- रूपये बयाना राशि जमा करना अनिवार्य होगा। आयोजक कर्ता को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये भी नीलामी को रद्द कर सकता है या किसी बोली को अस्वीकार कर सकता है। बयाना राशि जमा करने की अंतिम तिथि 15/09/2025 समय 6 पीएम तक।

अत: यह उद्घोषणा सर्वसाधारण को सूचित करने के लिए जारी की जाती है। स्थान-तहसील- खातेगॉव
दिनांक-09.09.2025
हस्ताक्षर व नाम -अवधेश यादव
पदनाम- तहसीलदार
(नीलामी अधिकारी /तहसीलदार)
तहसीलदार
तहसील खातेगांव, जिला देवास